विषय कोड :
Subject Code : 306

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2021
## (ANNUAL)
## HINDI (COMPULSORY)
## हिन्दी (अनिवार्य)
## I. A.

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code

**C**

306-
प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

कुल प्रश्नों की संख्या : 100 + 6 = 106
**Total No. of Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 20
**Total No. of Printed Pages : 20**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

**परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :**

1. **परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।**
2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है— खण्ड-अ एवं खण्ड-ब।
6. **खण्ड-अ में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं,** जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।** 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए **1 अंक** निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए **OMR** उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को **नीले / काले** बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। **किसी भी प्रकार के व्हाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।**
7. **खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं।** प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।
8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - अ

### वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं जिनमें से कोई एक सही है । इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें ।** **50 × 1 = 50**

1. 'चरम वैयक्तिकता ही परम सामाजिकता है' – किस शीर्षक पाठ की पंक्ति है ?

   (A) जूठन (B) शिक्षा

   (C) प्रगीत और समाज (D) सिपाही की माँ

2. 'यथार्थ के इस लेन-देन का नाम ही संसार है ।' यह पंक्ति किसके द्वारा लिखी गयी है ?

   (A) भगत सिंह (B) मलयज

   (C) नामवर सिंह (D) चंद्रधर शर्मा गुलेरी

3. 'चित्ररेखा' किस कवि की रचना है ?

   (A) मलिक मुहम्मद जायसी (B) गजानन माधव मुक्तिबोध

   (C) जयशंकर प्रसाद (D) रघुवीर सहाय

4. 'राँभति गो खरिकनि में, बछरा हित धाई' यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है ?

   (A) उषा से (B) गाँव का घर से

   (C) सूरदास के पद से (D) पुत्र-वियोग से

5. 'कवितावली' किसके द्वारा लिखी गयी है ?

   (A) भूषण (B) तुलसीदास

   (C) सूरदास (D) नाभादास



BiharboardQuestionpaper.com

6. तुलसीदास ने अपने युग की किन दो साहित्यिक भाषाओं को अपनाया ?

(A) उर्दू और फारसी
(B) संस्कृत और हिन्दी
(C) अवधी और ब्रज
(D) अपभ्रंश और प्राकृत

7. नाभादास की 'रामभक्ति' मर्यादा के स्थान पर

(A) श्रृंगार का पुट था
(B) करुणा का पुट था
(C) माधुर्य भाव का पुट था
(D) दुराग्रह का पुट था

8. 'छत्रसाल दशक' के कितने छंदों में महाराजा छत्रसाल की वीरता का यशोगान किया गया है ?

(A) 50 छंदों में
(B) 52 छंदों में
(C) 59 छंदों में
(D) 10 छंदों में

9. 'कंकाल' उपन्यास किस कवि की रचना है ?

(A) शमशेर बहादुर सिंह
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) गजानन माधव मुक्तिबोध
(D) रघुवीर सहाय

10. 'मैं असहाय विवश बैठी ही रही उठ गया छौना मेरा' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता से है ?

(A) गाँव का घर
(B) हार-जीत
(C) पुत्र वियोग
(D) उषा

11. 'खून-पसीना एक करना' मुहावरे का अर्थ है

(A) खून बहाना
(B) पसीना बहाना
(C) कठिन परिश्रम करना
(D) क्रोध दबाना

12. 'यथेष्ट' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) यथा + इष्ट
(B) यथे + ष्ट
(C) य + थेष्ट
(D) यथेष + ट



BiharboardQuestionpaper.com

13. 'गूलर का फूल होना' मुहावरे का अर्थ है

(A) गूलर लगाना (B) फूल लाना

(C) चमकदार होना (D) लापता होना

14. 'जाता रहता था' – पदबंध है

(A) क्रिया पदबंध (B) क्रिया विशेषण पदबंध

(C) संज्ञा पदबंध (D) सर्वनाम पदबंध

15. 'दीवाली' शब्द संज्ञा है

(A) जातिवाचक (B) व्यक्तिवाचक

(C) भाववाचक (D) समूहवाचक

16. 'सेना' शब्द है

(A) स्त्रीलिंग (B) पुंल्लिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

17. 'रोटी मत खाओ, क्योंकि वह जली है' – कौन सर्वनाम है ?

(A) अनिश्चयवाचक (B) संबंधवाचक

(C) निश्चयवाचक (D) प्रश्नवाचक

18. 'जाति' शब्द का विशेषण है

(A) जातिगत (B) जात

(C) जातीय (D) जातिय



BiharboardQuestionpaper.com

19. 'कार्य करने वाला' – के लिए एक शब्द है

(A) कार्यकर्ता (B) कारक

(C) कामकार (D) कार्यिक

20. 'शत' शब्द है

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशज

21. 'पंजाब की भाषा तथा लिपि की समस्या' किस लेखक की रचना है ?

(A) भगत सिंह (B) मोहन राकेश

(C) नामवर सिंह (D) जे० कृष्णमूर्ति

22. भगत सिंह ने कैसी मृत्यु को सुंदर कहा है ?

(A) युद्ध के दौरान हुई मृत्यु को (B) वज्रपात से हुई मृत्यु को

(C) देश सेवा के बदले दी गयी फाँसी को (D) किसी बीमारी के कारण हुई मृत्यु को

23. 'वैशाली महोत्सव' का बीजारोपण किसने किया ?

(A) बालकृष्ण भट्ट (B) जगदीशचन्द्र माथुर

(C) भगत सिंह (D) मलयज

24. 'ओ सदानीरा' निबंध किस पुस्तक से लिया गया है ?

(A) बिखरते क्षण से (B) नीलकुसुम से

(C) बोलते क्षण से (D) हारे को हरिनाम से



BiharboardQuestionpaper.com

25. 'रामपुरवा' कहाँ है ?

(A) भितिहरवा के पास
(B) नवगछिया के पास
(C) राँची के पास
(D) इलाहाबाद के पास

26. गंडक नदी का जल सदियों से

(A) शांत रहा है
(B) चंचल रहा है
(C) गर्म रहा है
(D) ठंडा रहा है

27. 'गाँधीजी' को महुए के पेड़ के नीचे किसने जगह दी ?

(A) मुखिया ने
(B) ग्रामीण ने
(C) मठ के महंत ने
(D) उनके भाई ने

28. 'सिपाही की माँ' एकांकी किस पुस्तक से ली गयी है ?

(A) अंडे के छिलके तथा अन्य एकांकी से
(B) घुसपैठिए से
(C) अब और नहीं से
(D) सलाम से

29. 'मुन्नी' कौन थी ?

(A) सुखनी की बेटी
(B) रजनी की बेटी
(C) शिवनी की बेटी
(D) बिशनी की बेटी

30. 'प्रगीत और समाज' निबंध किस निबंध-संग्रह से लिया गया है ?

(A) दूसरी परंपरा की खोज से
(B) आलोचक के मुख से
(C) कहना न होगा से
(D) वाद-विवाद संवाद से



BiharboardQuestionpaper.com

31. 'कवि' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है

(A) कविति (B) कवियिति

(C) कवयित्री (D) कवयिती

32. वह कौन है, जो पड़ा रो रहा है – किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) निश्चयवाचक (B) संबंधवाचक

(C) प्रश्नवाचक (D) अनिश्चयवाचक

33. 'निडर' शब्द में उपसर्ग है

(A) नि (B) नी

(C) निड (D) निड्

34. 'पढ़नेवाला' शब्द में प्रत्यय है

(A) ला (B) ल

(C) वाला (D) आ

35. 'नवयुवक' शब्द कौन समास है ?

(A) द्विगु (B) द्वन्द्व

(C) कर्मधारय (D) अव्ययीभाव

36. मैंने भोजन नहीं किया और इसलिए मेरी भूख नहीं मिटी – किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) सरल वाक्य (B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य (D) इनमें से कोई नहीं

37. 'घर' शब्द का पर्यायवाची है

(A) निकेतन (B) तामरस

(C) नलिन (D) प्रभा


BiharboardQuestionpaper.com

38. 'आदान' शब्द का विलोम है

(A) अल्प

(B) प्रदान

(C) मर्त्य

(D) आदि

39. 'गला छूटना' मुहावरे का अर्थ है

(A) डींग हाँकना

(B) भटकना

(C) पिंड छूटना

(D) परेशान करना

40. 'मरण तक' के लिए एक शब्द है

(A) जिगीसा

(B) आजीवन

(C) आमरण

(D) यथाक्रम

41. 'प्रात:काल' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) प्रात: + काल

(B) प्रातहका + ल

(C) प्रात + काल

(D) प्रातका + ल

42. 'अदरख' शब्द है

(A) स्त्रीलिंग

(B) पुंल्लिंग

(C) उभयलिंग

(D) इनमें से कोई नहीं

43. 'नीलगाय' शब्द कौन समास है ?

(A) तत्पुरुष

(B) कर्मधारय

(C) द्वंद्व

(D) द्विगु

44. 'घर' शब्द का पर्यायवाची है

(A) अंशु

(B) कर

(C) रश्मि

(D) गेह



BiharboardQuestionpaper.com

45. 'कौरव' शब्द में प्रत्यय है

(A) रव
(B) आ
(C) अ
(D) औरव

46. 'उपकार' शब्द में उपसर्ग है

(A) उ
(B) उपका
(C) उप्
(D) उप

47. 'धर्म' शब्द है

(A) स्त्रीलिंग
(B) पुंल्लिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

48. 'विराम' का शाब्दिक अर्थ क्या होता है ?

(A) ठहराव
(B) चाल
(C) उठाव
(D) क्रिया

49. 'सूक्ति' का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) स + उक्ति
(B) सु + उक्ति
(C) सृ + उक्ति
(D) सू + ऊक्ति

50. निम्न में सार्वनामिक विशेषण है

(A) ऐसा आदमी नहीं देखा
(B) पीला
(C) बीस
(D) दस लीटर



BiharboardQuestionpaper.com

51. सत्संग में किनकी अभिरुचि थी ?

(A) तुलसीदास (B) सूरदास

(C) कबीरदास (D) जयशंकर प्रसाद

52. मलिक मुहम्मद जायसी की मृत्यु कब हुई ?

(A) लगभग 1548 ई० (B) लगभग 1540 ई०

(C) लगभग 1549 ई० (D) लगभग 1550 ई०

53. जायसी का जन्म-स्थान है

(A) दिल्ली (B) इलाहाबाद

(C) जायस, कब्र अमेठी (D) भागलपुर

54. साहित्य लहरी के रचनाकार हैं

(A) सूरदास (B) नाभादास

(C) तुलसीदास (D) कबीरदास

55. काशी में कितने वर्ष रहकर तुलसीदास विद्याध्ययन किए ?

(A) 10 वर्षों तक (B) 15 वर्षों तक

(C) 18 वर्षों तक (D) 20 वर्षों तक

56. 'संसार' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) समूहवाचक (B) जातिवाचक

(C) व्यक्तिवाचक (D) भाववाचक



BiharboardQuestionpaper.com

57. 'विवाह' शब्द है

(A) स्त्रीलिंग (B) पुंल्लिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

58. 'वह कुल्हाड़ी से वृक्ष काटता है' – कारक है

(A) अपादान (B) सम्प्रदान

(C) कर्त्ता (D) करण

59. 'रात' शब्द का विलोम है

(A) दिन (B) संध्या

(C) निशा (D) राका

60. 'शिवालय' शब्द कौन समास है ?

(A) नञ् समास (B) अव्ययीभाव समास

(C) तत्पुरुष समास (D) कर्मधारय समास

61. 'इतने पास अपने' शीर्षक संकलन किस कवि के द्वारा लिखा गया है ?

(A) विनोद कुमार शुक्ल (B) ज्ञानेंद्रपति

(C) अशोक वाजपेयी (D) शमशेर बहादुर सिंह

62. हिंदी साहित्य में गजानन माधव मुक्तिबोध का उदय कैसे कवि के रूप में हुआ ?

(A) प्रयोगवादी (B) प्रगतिवादी

(C) प्रपद्यवादी (D) छायावादी



BiharboardQuestionpaper.com

63. रघुवीर सहाय का जन्म कब हुआ था ?

(A) 6 दिसंबर, 1927 ई०
(B) 4 दिसंबर, 1928 ई०
(C) 9 दिसंबर, 1929 ई०
(D) 8 दिसंबर, 1926 ई०

64. 'कहीं नहीं वहीं' कविता संग्रह किसके द्वारा रचित है ?

(A) भूषण
(B) अशोक वाजपेयी
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) रघुवीर सहाय

65. कौन लेखक कांगो के शिक्षा मंत्री, वित्त मंत्री एवं प्रधानमंत्री रह चुके हैं ?

(A) गाइ-डि-मोपासाँ
(B) अंतोन चेखव
(C) हेनरी लापेज
(D) इनमें से कोई नहीं

66. 'द' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) कंठ
(B) दंत
(C) मूर्द्धा
(D) ओष्ठ

67. निम्न में शुद्ध शब्द है

(A) प्रशंसा
(B) परिक्षा
(C) प्रनाम
(D) प्रशाद

68. 'निराधार' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) निरा + धार
(B) नि + राधार
(C) निः + आधार
(D) निराधा + र

69. 'रक्षाबंधन' कौन संज्ञा है ?

(A) व्यक्तिवाचक
(B) समूहवाचक
(C) जातिवाचक
(D) द्रव्यवाचक



BiharboardQuestionpaper.com

70. 'गुस्सा' शब्द है

(A) स्त्रीलिंग
(B) पुंल्लिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

71. 'बातचीत' शीर्षक निबंध के अनुसार – जो कुछ मवाद या धुआँ जमा रहता है, वह भाप बनकर निकल पड़ता है । कैसे ?

(A) बहस करके
(B) झगड़ा करके
(C) बातचीत के जरिए
(D) हँसने से

72. 'बिना फेरे घोड़ा बिगड़ता है और बिना लड़े सिपाही' – यह पंक्ति किस कहानी में है ?

(A) रोज
(B) ओ सदानीरा
(C) एक लेख और एक पत्र
(D) उसने कहा था

73. 'दलविहीन लोकतंत्र' किसके मूल उद्देश्यों में है ?

(A) साम्यवाद
(B) मार्क्सवाद तथा लेनिनवाद
(C) समाजवाद
(D) अधिनायकवाद

74. नारी और नर एक ही द्रव्य की ढली दो प्रतिमाएँ हैं – यह पंक्ति किस शीर्षक पाठ की है ?

(A) ओ सदानीरा
(B) सिपाही की माँ
(C) अर्धनारीश्वर
(D) प्रगीत और समाज

75. 'रोज' शीर्षक कहानी में किसने पूछा "तुम कुछ पढ़ती-लिखती नहीं ?"

(A) लेखक ने
(B) पति ने
(C) भाई ने
(D) चाचा ने

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें...



BiharboardQuestionpaper.com

76. 'एक लेख और एक पत्र' के लेखक कौन हैं ?

(A) जयप्रकाश नारायण (B) अज्ञेय

(C) भगत सिंह (D) दिनकर

77. वसुंधराभोगी मानव और धर्मांध मानव – एक ही सिक्के के दो पहलू हैं – यह पंक्ति किसके द्वारा लिखी गयी है ?

(A) उदय प्रकाश (B) जे० कृष्णमूर्ति

(C) मलयज (D) जगदीशचंद्र माथुर

78. गाँधीजी की झोपड़ी को ................ ने जला दिया था ।

(A) ग्रामीणों (B) युवकों

(C) एमन साहब के कर्मचारियों (D) छात्रों

79. "सरैयामन ताल" का जल कैसा है ?

(A) चंचल (B) स्थिर

(C) गहरा (D) गंदा

80. 'सिपाही की माँ' एकांकी में बिशनी चारपाई के पास मोढ़े पर बैठी क्या करती दिखाई देती है ?

(A) सूत कातती (B) स्वेटर बुनती

(C) चटाई बुनती (D) चावल चुनती

81. 'सिपाही की माँ' एकांकी की कथावस्तु है

(A) निम्न मध्यम वर्ग की (B) उच्च वर्ग की

(C) उच्च मध्यम वर्ग की (D) निम्न वर्ग की



BiharboardQuestionpaper.com

82. 'शेर सिंह का शस्त्र समर्पण' नामक आख्यानक काव्य किसके द्वारा लिखा गया है ?

(A) सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला

(B) जयशंकर प्रसाद

(C) तुलसीदास

(D) रामधारी सिंह दिनकर

83. "कविता जो कुछ कह रही है उसे सिर्फ वही समझ सकता है जो इसके एकाकीपन में मानवता की आवाज सुन सकता है ।" किसका कथन है ?

(A) थियोडोर एडोनो का

(B) मलयज का

(C) रामधारी सिंह दिनकर का

(D) उदय प्रकाश का

84. नामवर सिंह का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) जीअनपुर में

(B) आवाजापुर में

(C) कमालपुर में

(D) जमालपुर में

85. नाभादास जी किस धारा के संत थे ?

(A) शैव दर्शन के

(B) बौद्ध दर्शन के

(C) वैष्णव दर्शन के

(D) जैन दर्शन के

86. 'नाभादास' किसके शिष्य थे ? biharboardquestionpaper.com

(A) अग्रदास के

(B) रामानंद के

(C) वल्लभाचार्य के

(D) विट्ठलनाथ के

87. 'चिर-विषाद विलीन मन की' – किस कविता की पंक्ति है ?

(A) पुत्र-वियोग

(B) गाँव का घर

(C) तुमुल कोलाहल कलह में

(D) हार-जीत



BiharboardQuestionpaper.com

88. सुभद्रा कुमारी चौहान का जन्म कब हुआ था ?

(A) 18 अगस्त, 1910 ई०
(B) 15 अगस्त, 1902 ई०
(C) 20 अगस्त, 1915 ई०
(D) 16 अगस्त, 1904 ई०

89. 'घास में दुबका आकाश' किसकी रचना है ?

(A) अशोक वाजपेयी
(B) जयशंकर प्रसाद
(C) सुभद्रा कुमारी चौहान
(D) शमशेर बहादुर सिंह

90. ज्ञानेंद्रपति बिहार लोकसेवा आयोग द्वारा चयनित होकर किस पद पर पदस्थापित हुए ?

(A) प्रखंड विकास पदाधिकारी
(B) कारा-अधीक्षक
(C) पुलिस-उपाधीक्षक
(D) अंचलाधिकारी

91. 'अनुभव' शब्द है

(A) स्त्रीलिंग
(B) पुंल्लिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

92. 'तीर्थयात्रा' शब्द कौन समास है ?

(A) द्विगु समास
(B) बहुव्रीहि समास
(C) तत्पुरुष समास
(D) अव्ययीभाव समास

93. 'हास्यास्पद' शब्द में प्रत्यय है

(A) द
(B) स्पद
(C) यास्पद
(D) आस्पद



BiharboardQuestionpaper.com

94. 'हमारे विद्यालय के प्राचार्य आ रहे हैं' – पदवंध है

(A) विशेषण पदवंध
(B) सर्वनाम पदवंध
(C) संज्ञा पदवंध
(D) क्रिया पदवंध

95. 'समाज' शव्द का विशेषण है

(A) सामाजिक
(B) समाजी
(C) समाजु
(D) समाजक

96. 'मनोविनोद' शव्द कौन लिंग है ?

(A) पुंल्लिंग
(B) स्त्रीलिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं

97. 'मुझे भी छात्रवृत्ति मिलती थी' – सर्वनाम है

(A) पुरुषवाचक
(B) निजवाचक
(C) निश्चयवाचक
(D) प्रश्नवाचक

98. 'प्रेम' शव्द का विशेषण है

(A) प्रेमी
(B) प्रेममग्न
(C) प्रेमरतन
(D) प्रेमयोगी

99. शुद्ध वाक्य है

(A) वह विलकुल भी वात करना नहीं चाहती थी
(B) उसके स्त्री नहीं है
(C) उसके वेटी नहीं है
(D) यह बात कहने में किसी को संकोच नहीं होगा

100. 'बेईमान' शब्द की प्रकृति है

(A) विदेशज
(B) तत्सम
(C) तद्भव
(D) देशज



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - ब

### विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबंध लिखें : 1 × 8 = 8

   (i) स्वच्छता अभियान

   (ii) छात्र और राजनीति

   (iii) पर्यावरण

   (iv) भ्रष्टाचार

   (v) वर्षा ऋतु

   (vi) साम्प्रदायिकता : एकता के लिए खतरा ।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें : 2 × 4 = 8

   (i) "आश्चर्य था कि इतने लंबे अर्से से उसके अड्डे को इतनी अच्छी तरह से जानने के बावजूद कभी दिन में आकर मैंने उसे मारने की कोई कोशिश नहीं की थी ।"

   (ii) "आदमी यथार्थ को जीता ही नहीं, यथार्थ को रचता भी है ।"

   (iii) "भगति विमुख जे धर्म सो सब अधर्म करि गाए ।"

   (iv) "भाई बहिन भूल सकते हैं
   पिता भले ही तुम्हें भुलावे
   किंतु रात-दिन की साथिन माँ
   कैसे अपना मन समझावे !"

3. अपने प्रधानाचार्य के पास एक आवेदन पत्र लिखें, जिसमें किसी पर्यटन स्थल पर घूमने जाने का अनुरोध हो । 5

**अथवा**

अपने पिता के पास एक पत्र लिखें, जिसमें उनके स्वास्थ्य एवं कोरोना महामारी से सुरक्षा का उल्लेख हो ।



BiharboardQuestionpaper.com

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दें : 5 × 2 = 10

(i) "जाड़ा क्या है, मौत है और निमोनिया से मरनेवालों को मुरब्बे नहीं मिला करते ।" वजीरा सिंह के इस कथन का क्या आशय है ?

(ii) जयप्रकाश नारायण कम्युनिस्ट पार्टी में क्यों नहीं शामिल हुए ?

(iii) नर और नारी एक ही द्रव्य की ढली दो प्रतिमाएँ हैं ? कैसे ।

(iv) व्यावहारिक राजनीति क्या होती है ?

(v) 'धाँगड़' शब्द का क्या अर्थ है ?

(vi) "पंच परमेश्वर" के खो जाने को लेकर कवि चिंतित क्यों है ?

(vii) नागरिक क्यों व्यस्त हैं ? क्या उनकी व्यस्तता जायज है ?

(viii) बिटिया से क्या सवाल किया गया है ? 'प्यारे नन्हें बेटे को' शीर्षक कविता के आधार पर स्पष्ट करें ।

(ix) 'डरा हुआ मन बेमन जिसका बाजा रोज बजाता है ।' यहाँ 'बेमन' का क्या अर्थ है ?

(x) उत्सव कौन और क्यों मना रहे हैं ? 'अधिनायक' शीर्षक कविता के आधार पर बताइये ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दें : 3 × 5 = 15

(i) गद्य कविता किसे कहते हैं ? इसकी क्या विशेषताएँ हैं ? 'हार-जीत' शीर्षक कविता को देखते-परखते हुए बताएँ ।

(ii) गाँव के घर की रीढ़ क्यों झुरझुराती है ?

(iii) छत्रसाल की तलवार कैसी है ? वर्णन कीजिए ।

(iv) भगत सिंह को विद्यार्थियों से क्या अपेक्षाएँ हैं ?

(v) "कला कला के लिए" सिद्धान्त क्या है ?

(vi) लेखक ( मलयज ) अपने किस डर की बात करता है ? इस डर की खासियत क्या है ? अपने शब्दों में लिखिए ।



BiharboardQuestionpaper.com

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी **एक** का संक्षेपण कीजिए : 1 × 4 = 4

(i) अंग्रेजी पढ़ना खराब नहीं है, पर अंग्रेजी पढ़कर अंग्रेज हो जाना खराब है । अंग्रेजी पढ़कर अपने देश को, अपनी भाषा को, अपनी संस्कृति को भूल जाना खराब है । यह बात मैं इसलिए कह रहा हूँ कि आज के अधिकतर अंग्रेजी पढ़े-लिखे सज्जन अपने देश के प्रत्येक व्यक्ति को हीन दृष्टि से देखते हैं, उसकी आलोचना करते हैं और उसे अपनाने में अपनी मानहानि समझते हैं । पर्व को ही लीजिए । पढ़े लिखे लोग कहते हैं कि यह स्त्रियों का ढोंग है । यह पंडितों का पोंगा है । वे कहते हैं, पर्व बेकार हैं । ये फ़िज़ूलखर्ची के साधन हैं ।

(ii) डॉक्टर ग्रियर्सन के अनुसार – बुद्धदेव के भारत में सबसे बड़े लोकनायक तुलसीदास थे । ये असाधारण प्रतिभा लेकर उत्पन्न हुए थे । जिस युग में इनका जन्म हुआ था, उस युग के समाज के सामने कोई ऊँचा आदर्श नहीं था । समाज के उच्च स्तर के लोग विलासिता के पंक में उसी तरह मग्न थे, जिस प्रकार कुछ वर्ष पूर्व सूरदास ने देखा था । निचले स्तर के पुरुष और स्त्री दरिद्र, अशिक्षित और रोगग्रस्त थे । बैरागी हो जाना मामूली बात थी । जिसके घर की सम्पत्ति नष्ट हो गई या स्त्री मर गई, संसार में कोई आकर्षण नहीं रहा, वह तुरन्त संन्यासी हो गया ।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com